Message

नवल किशोर शर्मा
राज्यपाल, गुजरात

राजभवन
गांधीनगर-३८२ ०२०

दिनांक १४-०९-२००७

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राजस्थान विद्यार्थी गृह मुंबई जिसका शिलान्यास तत्कालीन राजस्थान के मुख्यमंत्री स्व० मोहनलाल सुखाड़िया ने १९६० में किया था । अपने ५० वर्ष कर लेने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन करने जा रही है । साथ ही इस अवसर पर एक विशेष स्मारिका भी प्रकाशित की जा रही है । मुझे आशा है, यह स्मारिका पठनीय, संग्रहणीय व ज्ञानवर्धक होगी ।

इस संस्था की नींव राजस्थानी समाज के अग्रणी सेवियों ने चार्टर्ड एकाउंटेंसी (सी० ए०) के अध्ययन के लिए रखी थी और आज यह संस्था विशाल वटवृक्ष बनकर सी० ए० के साथ साथ एम०बी०ए० एवं एम० एस०एस० के अध्ययन की सुविधा भी प्रदान कर रही है । राजस्थानी जहां भी जाता है वहां व्यापार चहुंमुखी विकास करता है । पर अब शिक्षा के क्षेत्र में पीछे नहीं है यह और भी खुशी की बात है ।

मैं आपके प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजित स्वर्ण जयंती महोत्सव व प्रकाश्य स्मारिका की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूं ।

(नवल किशोर शर्मा)